The State Government has been requested for early preparation of project feasibility report.

Time Capsule

1040. SHRI HARI VISHNU KAMATH: Will the Minister of EDUCATION AND SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 149 on 6th April 1977 regarding Time Capsule and state:

(a) whether Government have finalized course of action regarding unearthing of the Time Capsule embedded in the earth near Red Fort, Delhi some three years ago; and

(b) if so, the pattern and details thereof?

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER): (a) and (b). The matter is under consideration.

विक्रमशिला विश्वविद्यालय के खण्डहरों की खुदाई

1041. **डा० रामजी सिंह** : क्या शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि केन्द्रीय सरकार विक्रमशिला विश्वविद्यालय के खण्डहरों की खुदाई के लिए क्या कार्यवाही कर रही है ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मन्त्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्दर) : इस स्थल पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण बड़े पैमाने पर 1971-72 से खुदाई करा रहा है, जिसके फलस्वरूप आठवीं-नवमी ईसा शताब्दी के मंदिर को चारों ओर से घेरे हुए एक विशाल बिहार प्रकट हुआ है।

गावों में पेय जल की व्यवस्था

1042. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय** : **श्री उग्रसेन** :

क्या निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में हजारों गांवों में आज भी पीने का पानी उपलब्ध नहीं है ;

(ख) ऐसे गावों की संख्या कितनी है ;

(ग) क्या पांचवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इन सभी गांवों में पीने के पानी की व्यवस्था कराना संभव होगा; और

(घ) यदि हां, तो इस प्रयोजन हेतु क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मन्त्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) और (ख). लगभग 1,13,000 ग्राम है जिनमें अपेक्षित फासले अर्थात् 1.6 किलोमीटर के अन्दर कोई पेयजल स्रोत नहीं है अथवा कोई पानी की सप्लाई नहीं है जिसे पीने के लिए सुरक्षित समझा जाए।

(ग) और (घ). ग्रामीण जल पूर्ति को "न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम" में शामिल किया गया है जो पांचवीं पंचवर्षीय योजना के राज्यक्षेत्र में है। राज्य सरकारें संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार अधिक से अधिक ग्रामों को सुरक्षित पेय जल प्रदान करने के लिए कदम उठा रही है।

केन्द्र ने राज्य क्षेत्र में योजना नियतन के अतिरिक्त समस्या ग्रस्त ग्रामों में जल की आवश्यकता की समस्या के हल करने के लिए केन्द्रीय क्षेत्र में एक योजना प्रारम्भ की है।